Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/80060/14-2016/7134 दिनांकः– 28.12.2021

प्रेषक,

उप महाप्रबंधक (परि0)
बी0एम0एस0आई0सी0एल0,
पटना।

सेवा में,

अर्चना कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0 लि0,
C/o शंभु प्रसाद, मुहल्ला–रोड न0–8,
ईस्ट पटेल नगर, चौक–शास्त्री नगर,
पटना, पिन–800023

**विषयः– 30 शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेसकौर, जिला–नवादा का भवन निर्माण कार्य को बंद रखने के संबंध में।**

**प्रसंगः– निगम का पत्रांक 6680 दिनांक 01.12.2020, पत्रांक 2533 दिनांक 12.07.2021, पत्रांक 3654 दिनांक 11.08.2021, पत्रांक 5004 दिनांक 01.10.2021, पत्रांक 6194 दिनांक 27.11.2021 एवं पर्यवेक्षण परामर्शी का पत्रांक 40821 दिनांक 04.08.2021, पत्रांक 181221 दिनांक 18.12.2021 एवं आपका पत्रांक शून्य दिनांक 18.10.2021**

महाशय,

उपरोक्त विषयक एवं प्रसांगिक पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि **30 शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेसकौर, जिला–नवादा** का भवन निर्माण हेतु निगम के पत्रांक 1166 दिनांक 14.07.2017 के द्वारा कार्यादेश निर्गत है, जिसमें कार्य अवधि 12 माह निर्धारित थी, अर्थात् 16.07.2018 को समाप्त करना था परंतु 53 माह बीत जाने के बावजूद भी आपके द्वारा इस योजना का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जो घोर लापरवाही का द्योतक है। निगम के प्रसांगिक पत्रों द्वारा कार्य पूर्ण करने में अप्रत्याशित विलम्ब के कारण आपसे स्पष्टीकरण पूछा गया था जिसमें आपके पत्रांक शून्य दिनांक 18.10.2021 के द्वारा बताया गया है कि कार्य कभी भी बंद नहीं किया गया है तथा कोरोना के द्वितीय लहर के कारण कार्य की प्रगति धीमी हो गई थी, जबकि महाप्रबंधक (परि0) एवं अद्योहस्ताक्षरी के दिनांक 27.10.2021 के निरीक्षण में कार्य बंद पाया गया। पर्यवेक्षण परामर्शी द्वारा सूचित किया गया है कि निर्माण कार्य विगत 8 माह से बंद है। इससे प्रतीत होता है कि कार्य पूर्ण करने में आपकी कोई रूचि नहीं है, जो कार्य के प्रति आपकी घोर लापरवाही को दर्शाता है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका 11 (क) **(ii)** में वर्णित प्रावधानों के तहत् एकरारनामा के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक के लिए आपको **(निबंधन संख्या–अभि0.प्रमुख (ग्रा0का0वि0)–1173/14)** कार्य पूर्ण होने तक निलम्बित/डिबार किया जाता है।

इस प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

Kumar 28/12/21
उप महाप्रबंधक (परि0)

O/C

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/14-2016/7134 दिनांकः– 28.12.2021

प्रतिलिपिः–पर्यवेक्षण परामर्शी Arch-en Design, Lucknow को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Kumar 28/12/21
उप महाप्रबंधक (परि0)

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/14-2016/7134 दिनांकः– 28.12.2021

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम) BMSICL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में BMSICL के पत्र को बेवसाईट पर प्रकाशित किया जाए।

Kumar 28/12/21
उप महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/14-2016/7134 दिनांकः– 28.12.2021

प्रतिलिपिः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, नवादा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Kumar 28/12/21
उप महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/14-2016/7134 दिनांकः– 28.12.2021

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी, नवादा को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

Kumar 28/12/21
उप महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/14-2016/7134 दिनांकः– 28.12.2021

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण निगम लि0, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

Kumar 28/12/21
उप महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/14-2016/7134 दिनांकः– 28.12.2021

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, विश्वेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

Kumar 28/12/21
उप महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/14-2016/7134 दिनांकः– 28.12.2021

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, BMSICL पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

Kumar 28/12/21
उप महाप्रबंधक (परि0)